घटना | जंगल में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को दिखा शव

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मादा भालू की मौत



**पीएम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी वजह**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक (फील्ड डायरेक्टर) अनुपम सहाय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मादा भालू की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, वन विभाग की टीम शिकार या आपसी लड़ाई समेत सभी एंगल से मामले की जांच में जुटी है।

**संजय टाइगर रिजर्व से बुलाए गए डॉक्टर**

मादा भालू के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए विशेष तौर पर संजय टाइगर रिजर्व से विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम को बुलाया गया। डॉक्टर्स की इस टीम ने शनिवार को मौके पर ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद, वन विभाग के तय नियमों और प्रोटोकॉल के तहत भालू के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**चिल्हारी नवभारत 21 जून।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जगुआ जंगल में एक मादा भालू का शव मिला है। जंगल में गश्त कर रही वन विभाग की टीम को जब यह शव दिखा, तो उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी अफसरों को दी, जिसके बाद जांच शुरू की गई।

शुरुआती जांच के मुताबिक, मृत मादा भालू की उम्र करीब 8 से 9 साल के बीच बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही टाइगर रिजर्व के आला अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने मौत की वजह जानने और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वाड की मदद से पूरे इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया।

## चलते ई-रिक्शा से महिला का मंगलसूत्र और मोबाइल लूटा

**जबलपुर ।** कैंट थाना अंतर्गत अब्दुल हमीद चौक पर बीती रात एक बाइक सवार शातिर बदमाश ने चलती ई-रिक्शा में बैठी महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र और हाथ से मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, तुलसी मोहल्ला वार्ड बाई का बगीचा निवासी अनुज कोरी (30) पेशे से ई-रिक्शा चालक हैं। बीती रात वह अपने ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 एम जेड 3394 में अपनी पत्नी पूजा कोरी, साली मन्नू बेन और अपनी मासूम बच्ची को लेकर सदर मोदीवाड़ा जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जैसे ही ई-रिक्शा अब्दुल हमीद चौक सदर के पास पहुंचा, तभी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार तेजी से आया। बदमाश ने पूजा के गले पर झपट्टा मारकर सोने का मंगलसूत्र और हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया।



# किसानों को नि :शुल्क मिला सोयाबीन बीज

**कृषकों ने जनपद पंचायत एवं प्रशासन के प्रति जताया आभार**

**करंजिया, नवभारत 21 जून।** किसानों को कृषि कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने एवं उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत करंजिया में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने की।

इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को 30-30 किलोग्राम सोयाबीन बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। गुणवत्तापूर्ण बीजों का वितरण किसानों की उत्पादकता बढ़ाने तथा उनकी आय में वृद्धि करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रभु दयाल परस्ते, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार मोंगरे, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ऋतुराज टांडीया, शिवनारायण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, किसान, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। हितग्राहियों ने समय पर बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 530 लोगों की स्क्रीनिंग एवं जांच की गई

**विश्व सिकल सेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत उमरिया 21 जून।** उमरिया विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय उमरिया में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही. एस. चंदेल की अध्यक्षता तथा सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल रोग के प्रति जनजागरूकता, स्क्रीनिंग, जांच, उपचार, सिकल सेल कार्ड वितरण एवं हाइड्रॉक्सी यूरिया दवा वितरण की गतिविधियां संचालित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में एनीमिया एवं सिकल सेल की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार प्रबंधन, काउंसलिंग तथा रोकथाम संबंधी कार्ययोजना की जानकारी दी गई। जिले में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर लगभग 530 लोगों की स्क्रीनिंग एवं जांच की गई।

**उपचार की सुविधा नि :शुल्क उपलब्ध**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चंदेल ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में सिकल सेल की जांच एवं उपचार की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से समय-समय पर जांच कराकर इस बीमारी की रोकथाम एवं उपचार का लाभ लेने की अपील की।

# बिजली विभाग के तार सहित 13 पोल गायब




**ठेकेदार पर जताया जा रहा शक, जांच शुरू**

**चिल्हारी नवभारत 21 जून।** उमरिया जिले के अमरपुर क्षेत्र में बिजली विभाग की संपत्ति चोरी होने का बड़ा मामला सामने आया है। बदमाश 11 केवी लाइन की करीब तीन किलोमीटर लंबी बिजली तार और 13 पोल चोरी कर ले गए। लाखों रुपये की इस चोरी से विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता अवनीश कुमार मिश्रा ने अमरपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम बड़छड़ क्षेत्र में 11 केवी कृषि फीडर लाइन की तार अज्ञात लोगों द्वारा काटकर चोरी कर ली गई है। विभाग के अनुसार चोरी हुई एएएसी रैबिट कंडक्टर तार की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर है, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है।

**2 लाख 32 हजार 500 रुपये के नुकसान का अंदेशा**

मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा। ग्राम सुखदास हाई स्कूल रोड के पास विद्युत आपूर्ति के लिए रखे गए 13 पोल भी गायब पाए गए। विभाग ने इन पोलों की कीमत लगभग 32 हजार 500 रुपये बताई है। इस तरह कुल मिलाकर विभाग को करीब 2 लाख 32 हजार 500 रुपये का नुकसान हुआ है।

**कार्य से जुड़े व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया गया**

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि शिकायत में कनिष्ठ अभियंता ने एक निजी कंपनी के कार्य से जुड़े व्यक्ति पर शक जताया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बरही से महरोई मोड़ के बीच 33 केवी विद्युत लाइन का कार्य चल रहा है और इसी कार्य से जुड़े व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया गया है। हालांकि अभी तक किसी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**चोरों की तलाश में जुटी पुलिस**

बताया जाता है कि बिजली विभाग को जब तार और पोल गायब होने की जानकारी मिली तो अधिकारियों ने अपने स्तर पर खोजबीन भी की, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर लाखों रुपये की विद्युत सामग्री कैसे गायब हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

## सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देता है योग : समद



**ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया**

**डिंडोरी, नवभारत 21 जून।** रविवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान डिंडोरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर एस. एस. समद के मार्गदर्शन में सभी प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डायरेक्टर एसएस समद ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया।

**योगासन का कराया गया अभ्यास**-कार्यक्रम में संस्थान की फैकल्टी दीपिका सिंगोर, ऑफिस असिस्टेंट हंसराज, अटेंडर रामप्रसाद तथा सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। सभी ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली करें विकसित : हिमाद्री सिंह

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद ने दिया स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश, जिले के आसपास के क्षेत्रों में भी हुए योग से संबंधित विविध आयोजन**





**नवभारत उमरिया 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने क्षेत्रवासियों को योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जिसने आज पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई है। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण अनेक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग, प्राणायाम और नियमित व्यायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।

**स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं**

उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग, व्यायाम और संतुलित आहार को स्थान देना चाहिए। योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर अपनाई जाने वाली एक स्वस्थ आदत है।

**लोगों को योग के प्रति करें प्रेरित**

सांसद ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे स्वयं योग करें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योग के माध्यम से स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प और अधिक मजबूत होगा।

**नौरोजाबाद में मनाया गया योग दिवस**

उमरिया जिले के नगर परिषद नौरोजाबाद अंतर्गत रामलीला मैदान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारिर्या, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

**विधायक ने किया योग कार्यक्रम का नेतृत्व**

कार्यक्रम का नेतृत्व बांधवगढ़ विधायक शिव नारायण सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने का सर्वोत्तम माध्यम है।



**जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला महामंत्री राममिलन यादव, मंडल अध्यक्ष राजेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, एल्डरमैन, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**योग को जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प**

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया तथा नियमित रूप से योग अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

## स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है योग : मिश्रा




**विश्व योग दिवस पर आयुर्वेदिक औषधालय में योगाभ्यास आयोजित**

चिल्हारी नवभारत 21 जून। ग्राम चिल्हारी स्थित आयुर्वेदिक औषधालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात:रविवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिल्हारी के विशेष नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव सुभदेश श्रीवास्तव, हल्का पटवारी प्रभात सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजर्षि मिश्रा, डॉ. अमृतलाल जायसवाल, एकल अभियान संच प्रमुख कल्पना सेन, जनपद सदस्य विजय द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

**सामूहिक योगाभ्यास कराया गया**-आयुष विभाग में पदस्थ किरण कोरी एवं अंकित कचेर द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राजर्षि मिश्रा ने अपने उद्बोधन में योग को स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित योग करने की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत सचिव सुभदेश श्रीवास्तव ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

**भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है योग : गौतम**-हल्का पटवारी प्रभात सिंह ने योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने पर बल दिया। जय सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।

**नियमित योग करने का लिया संकल्प**-आयुष विभाग में पदस्थ किरण कोरी ने योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अमृतलाल जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सहभागिता कर योग के महत्व को समझा और नियमित योग करने का संकल्प लिया।











## शहपुरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**शहपुरा नवभारत 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार प्रात: 6 बजे शहपुरा स्थित उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया, जहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया।

**योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है : वर्मा**-इस अवसर पर एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा समाज में स्वस्थ एवं खुशहाल जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा।



## नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया योग दिवस



**शहपुरा नवभारत 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में पतंजलि योग समिति डिंडौरी के जिला अध्यक्ष बृजबिहारी साहू के नेतृत्व में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य योग प्रशिक्षक एवं पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष बृजबिहारी साहू ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

**जीवन जीने की कला है योग : साहू**-इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष बृजबिहारी साहू ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक उत्कृष्ट कला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योग करने का आह्वान करते हुए कहा कि योग से स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है, जिससे शिक्षा और जीवन दोनों में सफलता प्राप्त की जा सकती है।